बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती)

निकट सी.पी.आर.एस., पो.ऑ. बिहार भेटनरी कॉलेज, जगदेव पथ, पटना 800 014
Website : www.bameti.org Tel. 0612-2220200
Email : *bameti.bihar@gmail.com*, bameti.bihar@rediffmail.com

BAMETI

बिहार सरकार

पत्रांक 57 / बामेती / 2018 / 1971 दिनांक – 15/11/2018

प्रेषक

डा0 जितेन्द्र प्रसाद
निदेशक,
बामेती, बिहार, पटना

सेवा में,

सभी परियोजना निदेशक, आत्मा

विषय– रबी मौसम हेतु दिनांक 20 नवम्बर 2018 से 05 दिसम्बर 2018 तक आयोजित होने वाले किसान चौपाल के वृहत प्रचार–प्रसार हेतु संशोधित फ्लैक्स लगाने के संबंध में।

प्रसंग – बामेती का पत्रांक 1869 दिनांक 20.10.2018 एवं पत्रांक 1943 दिनांक 08.11.2018

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि आगामी/प्रत्येक वित्तीय वर्ष में किसान चौपाल आयोजित करने का निर्णय विभाग द्वारा लिया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष अंतर्गत खरीफ मौसम में किसान चौपाल कार्यक्रम से अच्छे परिणाम आए हैं। **रबी मौसम के लिए किसान चौपाल का आयोजन 20 नवम्बर 2018 से 05 दिसम्बर, 2018 के बीच किए जाने हेतु तिथि का निर्धारण किया गया है।** खरीफ मौसम में पंचायत के जिस गाँव में किसान चौपाल आयोजित किया जा चुका है उस गाँव को छोड़कर पंचायत के दूसरे गाँव में रबी मौसम में किसान चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

2. रबी मौसम में आयोजित होने वाले किसान चौपाल का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना आवश्यक है। किसान चौपाल में लगने वाले **सभी फ्लैक्स का प्रारूप संशोधित कर दिया गया है जो निम्न प्रकार से है –**

माननीय कृषि मंत्री का फोटो	माननीय उपमुख्यमंत्री का फोटा	बिहार सरकार कृषि विभाग लोगो सहित	माननीय मुख्यमंत्री का फोटो	माननीय प्रधानमंत्री का फोटो

किसान चौपाल

जिला........................ प्रखंड ....
पंचायत....................... आयोजन स्थल........................
तिथि..........................
आयोजक – कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) ....

3. किसान चौपाल के आयोजन का फ्लैक्स सहित फोटो मोबाईल/कैमरा से ली जाएगी तथा इसे प्रतिदिन बामेती को इमेल के माध्यम से परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। साथ हीं उसका वीडियो बनाकर कृषि/बामेती के साईट पर अपलोड किया जाएगा।
4. किसान चौपाल के आयोजन की समाप्ति के उपरान्त निर्धारित प्रपत्र में फलाफल संबंधी समेकित प्रतिवेदन फोटो सहित ई–मेल के माध्यम से बामेती को उपलब्ध कराया जाएगा।
5. इस कार्यक्रम के आयोजन की सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित जिला कृषि पदाधिकारी की होगी तथा आयोजन की व्यवस्था परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा की जाएगी।

निकट सी.पी.आर.एस., पो.ऑ. बिहार भेटनरी कॉलेज, जगदेव पथ, पटना 800 014

Website : www.bameti.org Tel. 0612-2220200

Email : bameti.bihar@gmail.com, bameti.bihar@rediffmail.com

बिहार सरकार

6. किसान चौपाल का आयोजन स्थल परिवर्तित होते रहेगा अर्थात प्रत्येक गाँव में किसान चौपाल का आयोजन बारी–बारी से किया जाएगा ताकि सभी ग्राम आच्छादित हो सकें।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त अनुदेशों के आलोक में अपने–अपने जिलों में किसान चौपाल का आयोजन सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार भी किया जाए। कार्यक्रम में किसानों सहित जन प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए। साथ हीं कार्यक्रम की समाप्ति के बाद फलाफल प्रतिवेदन पूर्व में उपलब्ध कराए गए प्रपत्र–1 एवं प्रपत्र–2 में बामेती को ईमेल से उपलब्ध कराते हुए उसे बामेती के गूगल डॉक पर भी अपलोड किया जाए।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

विश्वासभाजन

15/11/18

निदेशक
बामेती, बिहार, पटना